भूमि सुधार उप समाहर्त्ता का न्यायालय, घाटशिला।

(आदेश फलक)

नामान्तरण अपील वाद संख्या–10/2017–18

केश का प्रकार :– नामान्तरण अपील

रिलान्स इन्डास्ट्रीज लिमिटेड, गहालमुड़ा, बहरागोड़ा .... वादी

–बनाम–

राज्य सरकार झारखण्ड (अंचल अधिकारी, बहरागोड़ा ....विपक्षी

क्रमांक/तिथि	आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर	की गई कार्रवाई
8.03.18	यह नामान्तरण अपील वाद अंचल अधिकारी बहरागोड़ा के पत्रांक–437, दिनांक–23/08/2017 एवं अपीलकर्त्ता श्री शंतानु मुखर्जी, **Depot Manager** रिलान्स इन्डास्ट्रीज लिमिटेड, पता–गहालमुड़ा, थाना–बहरागोड़ा, जिला–पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर के द्वारा पंजी–II में रैयत का नाम संशोधन हेतु समर्पित अपील आवेदन के आलोक में राज्य सरकार, झारखण्ड (अंचल अधिकारी, बहरागोड़ा) को पक्षकर बनाकर अंचल अधिकारी, बहरागोड़ा द्वारा नामान्तरण मुकदमा संख्या– 328/2004–05 में दिनांक–11/09/2004 को पारित आदेश के विरूद्ध वाद प्रारम्भ किया गया हैं। अपीलकर्त्ता द्वारा दायर आवेदन पत्र की प्रविष्टि की स्वीकृति प्रदान करते हुए उभय पक्ष को सूचना जारी किया गया। सूचना का तामिला प्रतिवेदन अभिलेखबद्ध हैं। निम्न न्यायालय का नामान्तरण मुकदमा संख्या–328/2004–05 अप्राप्त हैं। अपीलकर्त्ता की ओर से Indenture of Sale No.2855, दिनांक–23/06/2004 की छायाप्रति, लगान रसीद की छायाप्रति, नामान्तरण मुकदमा संख्या–328/2004–05 की शुद्धि पत्र की छायाप्रति दाखिल किया गया है। अपीलकर्त्ता के विद्वान अधिवक्ता तथा अपील आवेदन पत्र द्वारा बताया गया हैं कि मौजा–गहालमुड़ा, थाना नं0–602, खाता नं0–82/1, 82/2, 82/3, प्लॉट नं0–89, 89, 89 रकवा क्रमशः 1.00 ए0 1.00 ए0 एवं 1.00 ए0 कुल रकवा–3.00 एकड़ भूमि Indenture of Sale No.2855, दिनांक–23/06/2004 के माध्यम से Reliance Industries Limited, Maker Chembers IV, 3rd Floor, Nariman point, post Box N0.11717 Mumbai-400 021 के नाम से खरीदा हुआ भूमि है जिसका Represented श्री रणवीर सिंह, पिता–श्री मदनजीत सिंह था। अंचल अधिकारी, बहरागोड़ा के द्वारा नामान्तरण मुकदमा संख्या–328/2004–05 में प्रश्नगत खाता, प्लॉट एवं रकवा का नामान्तरण श्री रणबीर सिंह, पिता–श्री मदनजीत सिंह रिलांन्स ईन्डास्ट्रीज लिमिटेड "ए" कॉम्पनी अशोक नगर रॉची, 424 "बी" **Road N0-6**, झारखण्ड के नाम पर किया गया हैं।	

	अपीलकर्त्ता द्वारा नामान्तरण शुद्धि पत्र में पंजी–II रैयत (जमाबंदीदार) का नाम संशोघन करने हेतु अनुरोध किया गया हैं। अपीलकर्त्ता श्री शंतानु मुखर्जी, **Depot Manager** रिलान्स इन्डास्ट्रीज लिमिटेड, पता–गहालमुड़ा, थाना–बहरागोड़ा, जिला–पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर की ओर से अपने अपील आवेदन पत्र के साथ श्री रणबीर सिंह, पिता–श्री मदनजीत सिंह, पता अशोक नगर रॉची, 424 ''बी'' **Road N0-6** का शपथ पत्र संख्या–12, दिनांक–01/12/2017, भूमि एकरारनामा, शुद्धि पत्र, एवं लगान रसीद की छायाप्रति संलग्न किया गया हैं। श्री रणबीर सिंह, पिता–श्री मदनजीत सिंह, पता अशोक नगर रॉची, 424 ''बी'' Road N0-6 द्वारा Reliance Industries Limited के पक्ष में नामान्तरण हेतु अनापत्ति शपथ पत्र संख्या–12, दिनांक–01/12/2017 दाखिल किया गया है। अभिलेख के साथ संलग्न कागजातों का अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि प्रश्नगत भूमि Indenture of Sale No.2855, दिनांक–23/06/2004 के माध्यम से Reliance Industries Limited, office at Maker Chembers IV, 3rd Floor, Nariman point, post Box N0.11717 Mumbai-400021 के नाम से खरीदा हुआ भूमि है। श्री रणबीर सिंह Reliance Industries Limited का **Represent** करता था। गलती से श्री रणवीर सिंह, पिता–श्री मदनजीत सिंह, रिलान्स इन्डास्ट्रीज लिमिटेड ''ए'' कम्पनी अशोक नगर रॉची, 424 ''बी'' Road N0-6 के नाम से नामान्तरण स्वीकृत किया गया हैं। अतः अपीलकर्त्ता द्वारा समर्पित कागजात का अवलोकन के पश्चात अपील आवेदन पत्र को स्वीकृत किया जाता है। अंचल अधिकारी, बहरागोड़ा को आदेश दिया जाता है कि श्री रणबीर सिंह, पिता–श्री मदनजीत सिंह, रिलान्स इन्डास्ट्रीज लिमिटेड ''ए'' कम्पनी अशोक नगर रॉची, 424 ''बी'' **Road N0-6** के स्थान पर Reliance Industries Limited संशोधन करते हुए नामान्तरण शुद्धि पत्र निर्गत किया जाय। आदेश की प्रति अंचल अधिकारी, बहरागोड़ा को भेजें। लेखापित एवं संशोधित 8/3/18 भूमि सुधार उप समाहर्त्ता घाटशिला। 8/3/18 भूमि सुधार उप समाहर्त्ता घाटशिला।	c.c. of 15th Last order is issued. 07/04/18

Digitally signed by Satyabeer Rajak
Date: 2022.06.03 15:45:49 +05:30
Location: 10.93.122.138